हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, शनिवार, 1 मार्च 2025
मेट्रो सिटी

माहे रमज़ानुल मुबारक का चाँद नजर नहीं आया

> 2 मार्च से पहला रोज़ा

नागपुर. दारुल क़ज़ा के क़ाज़ी व अध्यक्ष रुयत हिलाल कमेटी नागपुर, मौलाना मोहम्मद मुर्तुज़ा क़ासमी साहब ने मदरसा मदीनातुल उलूम से घोषणा की कि माहे रमज़ानुल मुबारक का चाँद नजर नहीं आया है। उन्होंने बताया कि नागपुर समेत सभी शाखाओं में चाँद देखने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन देश के अन्य हिस्सों से भी चाँद देखे जाने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। इसलिए ऐलान किया गया है कि माहे रमज़ानुल मुबारक की पहली तारीख़ 2 मार्च 2025, रविवार को होगी और इसी दिन पहला रोज़ा रखा जाएगा।

बैंक के सामने से लूटे 5.36 लाख रुपये

> दिनदहाड़े हुई वारदात से मचा हड़कंप

नागपुर.

मानेवाड़ा रिंग रोड स्थित तपस्या चौक पर गुरुवार दोपहर को दिनदहाड़े एक सनसनीखेज लूट की वारदात हुई। बैंक में पैसे जमा करने जा रहे पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से दो अज्ञात बदमाशों ने 5.36 लाख रुपये लूट लिए और फरार हो गए। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।

उदयनगर निवासी रविंद्रकुमार कालीचरण वर्मा (63) ने पुलिस को बताया कि वह उमरेड रोड पर दिघोरी टोल नाके के पास स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं। प्रतिदिन पंप की जमा राशि तपस्या चौक स्थित आईसीआईसीआई बैंक में जमा की जाती है। महाशिवरात्रि की छुट्टी के कारण बुधवार को बैंक बंद था, इसलिए गुरुवार को दो दिनों की रकम एक साथ जमा करने के लिए वर्मा अपने सहकर्मी शेखर सोनटक्के के साथ दोपहिया वाहन से बैंक पहुंचे। दोपहर 2:30 बजे, जैसे ही बैंक के सामने पहुंचे, शेखर ने बाइक रोकी और वर्मा बैग लेकर नीचे उतरने लगे। तभी पीछे से आए एक युवक ने उनके हाथ से बैग छीनने की कोशिश की। वर्मा ने बैग कसकर पकड़ रखा था, जिससे वे संतुलन खो बैठे और नीचे गिर गए।

इसी दौरान बदमाश बैग छीनकर भाग निकला और पास खड़े अपने साथी की बाइक पर बैठकर फरार हो गया।

वर्मा और शेखर ने उनका पीछा करने की कोशिश की, लेकिन बदमाश तेज रफ्तार में भाग निकले। तुरंत उन्होंने बैंक के कर्मचारियों और अपने मालिक को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर भेदोड़कर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। डीसीपी जोन 4 रश्मिता राव ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।

दक्षिण भारतीय गैंग पर शक

घटना के सीसीटीवी फुटेज में दोनों आरोपी कैद हो गए हैं, लेकिन उन्होंने हेलमेट पहन रखा था, जिससे पहचान में दिक्कत हो रही है। पुलिस को अभी तक उनकी बाइक का नंबर नहीं मिल पाया है। शुरुआती जांच में यह टिप देकर इस बार दांत के होने का अनुमान लगाया जा रहा है। लेकिन पुलिस को अंदेशा है कि यह वारदात दक्षिण भारत की किसी पेशेवर गैंग द्वारा की गई है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली जैन मंदिर में सेंधमारी

> प्राचीन मूर्तियां और दानपेटी से नकदी चोरी

नागपुर. कोतवाली थाना क्षेत्र के जुनी शुक्रवारी स्थित प्राचीन जैन मंदिर में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। बीती रात अज्ञात चोर मंदिर में सेंधमारी कर पांच प्राचीन मूर्तियां, चांदी का सिंहासन और दानपेटी से नकदी चोरी कर फरार हो गया। यह पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

जानकारी के अनुसार जुनी शुक्रवारी के ग्रेट नाग रोड में 1008 श्री शीतल नाथ दिगंबर जैन मंदिर है।

सुबह जब मंदिर के पुजारी पूजा के लिए पहुंचे तो उन्होंने मूर्तियां गायब देखीं। तुरंत ही उन्होंने समाज के अन्य प्रतिष्ठित लोगों को इसकी सूचना दी और पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें आरोपी कैद हो गया है। इस वारदात में अज्ञात चोर पांच प्राचीन मूर्तियां, चांदी का सिंहासन और दान पेटी से नगदी चुरा कर ले जाने की जानकारी है। फिलहाल, पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों में जबरदस्त आक्रोश है और वे जल्द से जल्द इस चोरी का खुलासा करने और आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं।

25 वर्षीय ब्रेन डेड युवक ने पांच को दिया नया जीवन

> परभणी से नागपुर बनाया गया 450 किलोमीटर का ग्रीन कॉरिडोर

नागपुर. परभणी जिले के जिंतूर निवासी 25 वर्षीय दीपक दरोडे के अवायदान से मुंबई, नागपुर, पुणे, छत्रपति संभाजी नगर के लोगों को नया जीवन मिला है।

शनिवार को जिंतूर-ओंधा रोड पर पेट्रोल पंप के पास अपने खेत से गुजरते समय एक दोपहिया वाहन की टक्कर से जिंतूर के चिंचोली दराडे निवासी दीपक विलासराव दराडे (उम्र 25) गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में उनके सिर में आंतरिक रक्तस्राव हुआ और वे कोमा में चले गए। उन्हें इलाज के लिए परभणी के देवगिरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन दुर्भाग्य से शनिवार (23) सुबह उनका निधन हो गया।

युवक की मृत्यु के बाद उनके पिता विलास दराडे, माता कुसुम दराडे, तथा भाई राजू और माधव ने दीपक के अंग दान करने का निर्णय लिया। इसके बाद मुंबई में 53 वर्षीय महिला में को हृदय प्रत्यारोपित किया गया। संभाजीनगर के 52 और 35 व्यक्तियों को किडनी दान की गई। वहीं लिवर को नागपुर के 63 वर्षीय व्यक्ति को लगाया गया। पुणे स्थित 50 वर्षीय महिला को फेफड़े दान किये गए। परभणी से नागपुर तक लीवर पहुंचाने के लिए 450 किलोमीटर की दूरी तय करने हेतु एक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। लीवर पांच घंटे के भीतर नागपुर के न्यू एरा अस्पताल पहुंच गया, जो इस वर्ष किसी अन्य शहर से लाया गया पहला लीवर था। इससे पहले 2023 में एम्स रायपुर से लिवर लाया गया था। हृदय को मुंबई लाने के लिए परभणी और नांदेड़ के बीच एक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया, जहां से एक चार्टर विमान द्वारा इसे मुंबई लाया गया। इसी तरह, फेफड़ों को एक अन्य चार्टर विमान के माध्यम से पुणे ले जाया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस नागपुर मेट्रो की महिलाओं के लिए विशेष उपहार

नागपुर.

आंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के लिए महा मेट्रो की ओर से सप्ताह भर महिला प्रवासियों के लिए अनोखी ऑफर की शुरुआत की है। इस ऑफर अंतर्गत, महिलाओं को 500 के टॉप-पर 20 रुपये वाला महाकार्ड उपलब्ध होगा। यह ऑफर एक मार्च से आठ मार्च के बीच रहेगा। हर साल 8 मार्च को आंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिला दिवस को देखते हुए महा मेट्रो ने महिलाओं को लेकर एक विशेष ऑफर शुरू किया है। जिसके तहत महिला अब 20 रूपये में महामेट्रो का कार्ड प्राप्त कर सकेंगी। इसके लिए महिलाओं को 500 रूपये का टॉपअप रिचार्ज करना पड़ेगा। यह ऑफर शनिवार दिनांक एक मार्च से शुरू होगा और आठ

मार्च तक शुरु रहेगा। भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से मेट्रो की बिक्री शुरू की गई है, वर्तमान में महामेट्रो ने अब तक 1,04,816 कार्ड की बिक्री कर चुकी है। यही नहीं महाकार्ड से किराये पर 10 प्रतिशत छूट भी मिलती है। महामेट्रो ने यात्रा की सुविधा के लिए ईएमवी स्मार्ट कार्ड आधारित ओपन लूप ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन (एएफसी) प्रणाली को अपनाया है और इसे नागपुर के सभी मेट्रो स्टेशनों पर लागू किया गया है। इस प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को मेट्रो में यात्रा में बेहद सहूलियत मिलती है।

इंस्टाग्राम पर राजा गौस की विवादित रील, पुलिस ने दर्ज किया मामला

नागपुर. नागपुर के कुख्यात अपराधी राजा गौस ने पुणे के अपराधी गजा मारणे के साथ इंस्टाग्राम पर एक विवादित रिल्स शेयर की, जिससे हड़कंप मच गया। इस रील में "मैं हूँ नागपूर का किंग" जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए पुलिस को खुला चुनौती दी गई थी। इसके बाद सायबर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

रील में दिखाए गए तीन लोगों में प्रमुख आरोपी राजा गौस है, जो नागपूर का कुख्यात अपराधी है। राजा गौस ने गजा मारणे के साथ वीडियो अपलोड किया था, जिसमें वे पुलिस को चुनौती देते हुए दिखाई दे रहे थे। इस वीडियो के माध्यम से वह अपने आप को नागपूर का 'किंग' बता रहा था और पुलिस को खुली चुनौती दे

रहा था। इसके अलावा, दो और अन्य अपराधी भी इस वीडियो में शामिल थे, जिन्होंने अपनी रिल्स भी अपलोड की थीं। पुलिस के अनुसार, गजा मारणे नागपुर से पुणे जा रहा था और रास्ते में उसने राजा गौस के साथ मिलकर नागपुर में कुछ समय बिताया था। पुलिस को यह जानकारी भी मिली कि गजा मारणे ने राजा गौस के साथ मिलकर भोजन किया था, जिसके बाद राजा गौस ने इंस्टाग्राम पर यह रिल्स पोस्ट की। इस पोस्ट को लेकर सायबर पुलिस ने जांच शुरू की और दहशत फैलाने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया। राजा गौस को पुलिस ने रात के समय गिरफ्तार किया और उसका मोबाइल जब्त किया गया। अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या गजा मारणे को भी इस मामले में पुलिस तलब करेगी। सायबर पुलिस विभाग ने इंस्टाग्राम से उन रिल्स को डिलीट किए जाने की सूचना प्राप्त की और अब मामले की पूरी जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक, मामले की गंभीरता को देखते हुए और वीडियो डिलीट करने की प्रक्रिया के बावजूद, आगे की जांच के लिए इंस्टाग्राम से डिलीट किए गए वीडियो की जानकारी मांगी गई है।

वाड़ी में नाले में मिला वृद्ध का शव

नागपुर. वाडी पुलिस थाना क्षेत्र के दौलामेटी इलाके में एक नाले में वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दिनेश महादेव मोडक (62) एलआईजी क्वॉर्टर, म्हाडा कॉलोनी, आठवां मैल, वाडी निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, 27 फरवरी की रात करीब 11 बजे से 28 फरवरी की दोपहर 12 बजे के बीच अवधूत के चक्की के पास स्थित नाले में दिनेश मोडक बेसुध हालत में पड़े मिले। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें बाहर निकाला और इलाज के लिए मेयो अस्पताल भेजा। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मृतक की पत्नी सुरेखा दिनेश मोडक (57) ने वाडी पुलिस थाने में सूचना दी। पुलिस उपनिरीक्षक जायभाये ने घटना की अकस्मात मृत्यु के रूप में दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

डायबिटीज़ और दिल के रोगियों के लिए खास दिशानिर्देश

नागपुर.

रमज़ानुल मुबारक के रोज़ों को लेकर कई लोगों, खासकर डायबिटीज़ और दिल के मरीजों में चिंता बनी रहती है। इसी विषय पर जागरूकता बढ़ाने के लिए जमाअत ए इस्लामी हिंद, नागपुर द्वारा मस्जिद मर्कज़े इस्लामी, जाफर नगर में शुक्रवार की नमाज़ से पहले एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नागपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सैयद काशिफ़ ने रोज़े और स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की।

डॉ. सैयद काशिफ़ ने बताया कि रोज़ा रखने से कैंसर, मधुमेह (डायबिटीज़) और हृदय रोगियों को लाभ मिल सकता है। उन्होंने कहा कि रोज़ा चिकित्सकीय दृष्टि से भी फायदेमंद है और इसे रखने से शरीर को डिटॉक्स करने का अवसर मिलता है। हालांकि, रोज़े का सही लाभ तभी मिलता है जब खान-पान संतुलित हो। उन्होंने बताया कि डायबिटीज़ और दिल के मरीजों को अपने खान-पान और दवाइयों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। रोज़ा रखने के दौरान

शरीर पहले खाने से मिली ऊर्जा का उपयोग करता है, फिर लीवर में जमा ग्लूकोज़ और अंततः शरीर की चर्बी को जलाकर ऊर्जा बनाता है, जिससे वजन नियंत्रित रहता है। इफ्तार में लेने योग्य चीज़ें: खजूर (डायबिटीज़ के मरीज सिर्फ 1 खाएं), दाल या सब्ज़ियों का सूप, छाछ, नारियल पानी, ग्रिल्ड चिकन, मछली, ब्राउन राइस, बाजरे की रोटी, सलाद और हरी सब्ज़ियां। इफ्तार में बचने योग्य चीज़ें: समोसे, पकोड़े, बिरयानी, मीठे जूस और कोल्ड ड्रिंक। इफ्तार और सहरी के बीच पर्याप्त पानी (8-10 गिलास) पिएं, साथ ही छाछ, नारियल पानी और नींबू पानी का सेवन करें।

व्याख्यान के अंत में डॉ. सैयद काशिफ़ ने मस्जिद में उपस्थित लोगों के सवालों के जवाब भी दिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थीं। आयोजकों ने बताया कि मस्जिद मर्कज़े इस्लामी में रमज़ान के दौरान विशेष नमाज़ "तरावीह" और जुमे की नमाज़ के लिए महिलाओं के लिए भी खास व्यवस्था की जाती है।

एमडी ड्रग्स के साथ युवक गिरफ्तार

नागपुर. देर रात गुप्त सूचना के आधार पर वाठोडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से 25.05 ग्राम एमडी, दो मोबाइल, एक दोपहिया वाहन समेत कुल 2.20 लाख रुपये का माल जब्त किया है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान शुभम उर्फ साइंटिस्ट महादेव गजभिये (26) न्यू गणेशनगर निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पुलिस गश्त के दौरान रात करीब 3:05 बजे सूचना मिली कि एक युवक तरोडी खुर्द गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध अवस्था में दोपहिया वाहन से जा रहा है। पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास के पास उसे रोका और पूछताछ की, लेकिन वह घबरा गया। जब पुलिस ने वाहन की तलाशी ली, तो डिक्की में काले रंग की पॉलिथीन में 12 जिप लॉक पैकेट बरामद हुए, जिनमें एमडी ड्रग्स रखा था। तत्काल प्रभाव से युवक को गिरफ्तार कर माल जब्त कर लिया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस की तत्परता से दो नाबालिग लड़कियाँ बरामद

> अनैतिक मानव तस्करी निरोधक दस्ते की कार्रवाई

नागपुर.

क्राइम ब्रांच के अनैतिक मानव तस्करी प्रतिबंधक पथक की कार्रवाई से दो नाबालिग लड़कियों को सुरक्षित बरामद कर उनके परिवार से मिलाया गया।

पहली घटना कपिलनगर पुलिस थाना क्षेत्र की है, जहाँ 45 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी 17 वर्षीय बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। अज्ञात आरोपी द्वारा उसे बहला-फुसलाकर भगाने का मामला दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने तकनीकी जांच और खुफिया जानकारी के आधार पर लड़की को बायुकुटी लॉन के पास से खोजकर सुरक्षित रेस्क्यू किया । पूछताछ और परामर्श के बाद उसे कपिलनगर पुलिस को सौंप दिया गया।

दूसरी घटना वाडी पुलिस थाना

क्षेत्र में हुई, जहाँ 56 वर्षीय व्यक्ति की 17 वर्षीय बेटी लापता हो गई थी। इस संबंध में भी अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। क्राइम ब्रांच की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 28 फरवरी को दत्तवाड़ी से लड़की को बरामद किया। आवश्यक पूछताछ और परामर्श के बाद उसे वाडी पुलिस के सुपुर्द किया गया।

इस दोनों कार्रवाई को पुलिस उपायुक्त राहुल माकणीकर, और सहायक पुलिस आयुक्त अभिजीत पाटील के मार्गदर्शन में मपोनि. ललीता तोडासे, स.फौ. गजेंद्रसिंग ठाकुर, पोहवा. श्याम अंगुलथेवार, राम निरगुडवार, दीपक बिंदाणे, पोअं. ऋषीकेश डुमरे, विलास चिंचुलकर, शरीफ शेख, मपोअं. अश्विनी खोडपेवार और पल्लवी वंजारी ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाया।

नागपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

> 57 लाख से अधिक का अवैध पान मसाला, सुगंधित तंबाकू किया नष्ट

नागपुर. पुलिस ने संगठित अपराध पर कड़ा प्रहार करते हुए 57,45,221 रुपये की अवैध सुगंधित पान मसाला और तंबाकू को नष्ट किया है। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त परिमंडल 5 के अंतर्गत कलमना, नवीन कामठी, जुनी कामठी, पारडी, यशोधरानगर, जरीपटका, कोराडी और कपिलनगर पुलिस थानों की संयुक्त टीम द्वारा की गई। तीन सालों में 58 मामलों से यह अवैध माल बरामद किया गया था।

इस कार्रवाई में सबसे अधिक संपत्ति कलमना थाने के अंतर्गत आई, जहाँ 16 मामलों में 20,49,455 रुपये का माल जब्त हुआ। नवीन कामठी और जुनी कामठी में क्रमशः 12,24,000 रुपये और 15,04,569 रुपये का अवैध माल पकड़ा गया। पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र सिंगल के निर्देशन में और परिमंडल 5 के पुलिस उपायुक्त के मार्गदर्शन में अपराधियों के खिलाफ यह सख्त अभियान चलाया गया।

एक के पीछे एक भिड़े तीन ट्रक; समृद्धि महामार्ग पर हुआ हादसा

> एक की मौत, दो जख्मी

नागपुर.

नागपुर के समृध्दि महामार्ग पर लापरवाही से अपने ट्रक रोकना चालकों को भारी पड़ गया. 2 ट्रक सड़क पर खड़े किए गए थे. ऐसे में तीसरा ट्रक पीछे से आकर भिड़ गया जिसके चलते तीनों ट्रकों की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक की मौत हो गई और 2 ट्रक चालक बुरी तरह जख्मी हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया है तो वहीं आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया जिसकी भी तलाश की जारी है. मृतक सोनभद्र, उत्तरप्रदेश निवासी

सतीशकुमार विजय सिंह बताया जा रहा है. जख्मियों में कन्हान निवासी राजन होरीलाल सिंह और संग्रोली, मध्यप्रदेश निवासी रामचंद्रपाल रामानुज अर्जुनपाल का समावेश है. जानकारी के अनुसार, तीनों ट्रक मुंबई से नागपुर की ओर आ रहे थे. पहले ट्रक के चालक ने समृध्दि चैनल के गांधी खापरी परिसर में अपना ट्रक रास्ते पर खड़ा कर दिया था. जबकि वहां पार्किंग की अनुमति नहीं थी. इसके पीछे राजन सिंह ने अपना ट्रक खड़ा कर दिया. गुरुवार तड़के ट्रक का चालक रामचंद्रपाल मुंबई से नागपुर की ओर आ रहा था. अंधेरा होने के कारण वह अनुमान नहीं लगा पाया कि सामने दिख रहे 2 ट्रक रुके हुए हैं. ट्रक के पार्किंग लाइट भी बंद थे. ऐसे में उसका ट्रक राजन के ट्रक से भिड़ गया. राजन का ट्रक सामने खड़े ट्रक से भिड़ा.

पिछले 2 ट्रकों के केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए

रामचंद्रपाल के ट्रक का क्लिनर सतीशकुमार केबिन के भीतर ही फंस गया. गंभीर जख्मी होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई. राजन और रामचंद्रपाल भी जख्मी हो गए. घटना की जानकारी मिलते ही हिंगना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सबसे सामने खड़े ट्रक का चालक अपना वाहन लेकर भाग चुका था. काफी मशक्कत के बाद सतीश का शव केबिन से बाहर निकाला गया. पुलिस ने तीनों ट्रकों के चालक के खिलाफ विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की है.

नवगठित कोंढाली नगर पंचायत विकास निधि के इंतजार में

> बुनियादी सुविधाओं से वंचित कोंढाली नगर पंचायत, विकास कार्य ठप

कोंढाली.

नागपुर जिले की कोंढाली ग्राम पंचायत को नगर पंचायत में अपग्रेड किए जाने के बाद भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। वर्ष 2005 से यहां के स्थानीय नागरिक एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता नगर पंचायत का दर्जा दिलाने के प्रयास में जुटे थे। अंततः 9 अक्टूबर 2023 को सरकार ने कोंढाली को नगर पंचायत घोषित कर दिया।

हालांकि, नगर पंचायत बनने के 20 महीने बाद भी यहां के विकास कार्यों के लिए आवश्यक निधि अब तक नहीं मिली है। प्रशासनिक भवन से लेकर अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए अभी भी नगर विकास मंत्रालय से निधि की प्रतीक्षा की जा रही है। वर्तमान में नगर पंचायत का संचालन पुराने ग्राम पंचायत भवन से किया जा रहा है, जहां सभी विभागों को समायोजित करने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

कोंढाली नगर पंचायत क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा के लिए कई आवश्यक निर्माण कार्य लंबित हैं। इनमें नगर पंचायत का प्रशासनिक भवन, कार्यालयों के लिए स्थायी भवन, भूमिगत नाली व्यवस्था, मुख्य सड़क एवं आंतरिक सड़कों की मरम्मत, स्वच्छता अभियान के लिए कचरा प्रबंधन प्रणाली, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, भूमिगत बिजली आपूर्ति, सार्वजनिक प्रसाधन गृह, डंपिंग यार्ड, पुस्तकालय, खेल का मैदान, वरिष्ठ नागरिक मनोरंजन केंद्र, पेयजल प्रबंधन, श्मशान घाट, सांस्कृतिक भवन, नगर पंचायत विद्यालय एवं अन्य महत्वपूर्ण सुविधाएं शामिल हैं।

विधायक चरणसिंह ठाकुर एवं पूर्व विधायक अनिल देशमुख ने नगर विकास मंत्रालय से कोंढाली नगर पंचायत के विकास के लिए निधि जारी करने की मांग की है।

नगर पंचायत प्रशासक धनंजय बोरिकर ने भी प्रशासन से विकास निधि के प्रावधान के लिए अनुरोध किया है।

नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की मांग

कोंढाली नगर पंचायत के नागरिकों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने नगर पंचायत की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शीघ्र विकास निधि जारी करने की मांग की है। नगर पंचायत प्रशासक के माध्यम से नगर विकास मंत्रालय से धनराशि उपलब्ध कराने की अपील की गई है। नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने एवं शहरी विकास को गति देने के लिए प्रशासन को जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है।

महाबोधि महाविहार को बौद्धों को सौंपने की मांग, भारतीय बौद्ध महासभा ने सौंपा ज्ञापन

खापरखेड़ा.

भारतीय बौद्ध महासभा की स्थानीय शाखाओं—नवीन बीना, चिचोली, जयभोले नगर और खापरखेड़ा—ने बिहार के बोधगया स्थित महाबोधि महाविहार को बौद्धों को सौंपने की मांग की है। महासभा का कहना है कि यह ऐतिहासिक बौद्ध स्थल वर्षों से अन्य धर्मों के नियंत्रण में है, जिसे मुक्त कर भारतीय बौद्धों को सौंपा जाना चाहिए।

इस संबंध में महासभा की ओर से खापरखेड़ा पुलिस स्टेशन में ज्ञापन सौंपा गया, जिसकी प्रतियां भारत सरकार, बिहार सरकार, महाराष्ट्र सरकार और नागपुर जिला कलेक्टर को भी भेजी गईं। महासभा ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और संविधान ने हर धर्म, जाति व संप्रदाय को धार्मिक स्वतंत्रता दी है। इसलिए महाबोधि महाविहार प्रबंधन अधिनियम 1949 में तत्काल संशोधन कर महाविहार का संपूर्ण प्रबंधन भारतीय बौद्धों को सौंपा जाए। महासभा ने इस मुद्दे पर बोधगया में जारी आंदोलन का समर्थन करते हुए मांग की कि सभी संबंधित मांगों को जल्द से जल्द मंजूरी दी जाए। महासभा का कहना है कि यह कदम वैश्विक और भारतीय बौद्ध समुदाय की भावनाओं के सम्मान में उठाया जाना चाहिए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय बौद्ध महासभा एवं नवीन बीना बौद्ध विहार के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सावजी तागड़े, उपाध्यक्ष अनिल लांजेवार, सचिव मुकेश बागड़े, कोषाध्यक्ष रविंद्र ढोके, तुलशीराम बागड़े, मनोहर गजभिये, किशोर चव्हाण, आम्रपाली व संघमित्रा महिला मंडल की रेखा लांजेवार, मालवी नारनवारे, सुनंदा लांजेवार, सारिका तागड़े, प्रिया डोंगरे, पिंकी गोलाईत, रोशनी गौरकर, रोहिणी धनवटे, मनीषा ढोके, आशा गौरकर, सत्यशील बौद्ध विहार के अध्यक्ष मनोहर डोंगरे, उपाध्यक्ष राजू मेश्राम, सचिव श्याम गजभिये, सद्धम्म बुद्ध विहार चिचोली वस्ती के अध्यक्ष शैलेश पाटिल, उपाध्यक्ष मुन्ना मेश्राम, महामाया प्रजापति महिला मंडल की अध्यक्ष माया पाटिल, पंचशील बुद्ध विहार की अध्यक्ष प्रभा तागड़े, खापरखेड़ा महिला मंडल अध्यक्ष प्रभा गायकवाड़, महाकरुणा अतुल विहार से सतीश वाघमारे और सुनील बोरकर तथा ग्राम पंचायत चिंचोली की सरपंच मीनाक्षी तागड़े सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

युवा चेतन मंच ने मनाया मराठी राजभाषा दिवस

कामठी.

रणाला में युवा चेतन मंच द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में मराठी राजभाषा दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम को कविवारी कुसुमाग्रज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर दिव्यांग फाउंडेशन के सचिव बाबी महेंद्र और युवा प्रेरक शशांक कुकडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर विवा.शिरवाड़कर उर्फ कविवर्य कुसुमाग्रज के जीवन और उनके साहित्य पर प्रकाश डाला गया। इसके अलावा प्रा. पराग सपाटे ने इस मुद्दे को निर्देशित किया कि आज मराठी भाषा के महत्व की आवश्यकता कैसे है। साथ ही राज्य और केंद्र सरकार को मराठी भाषा को कुलीन भाषा का दर्जा देने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अक्षय खोप द्वारा किया गया और अमोल नागपुरे ने आभार प्रदर्शन व्यक्त किया।

कार्यक्रम की सफलता के लिए हिमांशु लोंडेकर, दिनेश पठाड़े, अंकुश खोकले आदि ने कड़ी मेहनत किए।

आरकेएस पब्लिक स्कूल ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

नागपुर.

कमलादेवी खियानी बहु-उद्देशीय संस्था के अंतर्गत संचालित आरकेएस पब्लिक स्कूल में भारतीय भौतिक विज्ञानी सी.वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्या कीर्ति सोनी ने की। स्कूल सचिव उषा राजकुमार खियानी ने विद्यार्थियों के कार्य की सराहना की तथा अपने बहुमूल्य शब्दों से उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें भविष्य की तकनीक, रमन प्रभाव और इसके अनुप्रयोग तथा पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र आदि पर आधारित पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन शामिल थे। इस अवसर पर स्कूल के विज्ञान क्लब ने विभिन्न क्रियाशील मॉडल तथा प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्री प्राइमरी के बच्चे भारतीय वैज्ञानिकों को दर्शाती फैंसी ड्रेस पहनकर आए थे। कक्षा नौ के विद्यार्थियों ने उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राइमरी कक्षा के बच्चों ने अद्भुत मॉडल प्रस्तुत किए तथा इसके उद्देश्य और कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के सफलतार्श अमृता राउत, रविन्द्र सिंह, हेमा यादव, आकांक्षा फुलझेले, त्रिविधा भावे, भाग्यश्री खडसकर, रोशनी काले, दीपक सोलंके तथा सभी शिक्षकों ने कड़ी मेहनत की।

शिव मंदिर परिसर में गायत्री परिवार का जनजागृति उपक्रम

कामठी.

गायत्री परिवार कामठी शाखा द्वारा जूना कामठी शिव मंदिर परिसर में एक स्टॉल लगाया गया। जिसमें भक्तों द्वारा गायत्री मंत्र लेखन किया गया। बच्चों द्वारा सेल्फी शर्ट पहनकर पर्यावरण संरक्षण हेतु आओ मिलकर पेड़ लगाए हरा भरा निज देश बनाएं तथा नशा भारत छोड़ो का संदेश देते हुए जन जागृति की गई।

महिला स्वावलंबन समूह द्वारा लागत मूल्य पर आंवला रस नींबू शहद तथा नारियल का दूध भक्तों के लिए उपलब्ध कराया गया तथा स्टॉल पर आवाले का अचार मुरब्बा कैंडी सुपारी मुखवास के साथ गौशाला में बनाई गई। होली हेतु गोबरी की माला तथा नित्य हवन हेतु छोटी गोबरी के पाउच रखे गये। जिन्हे भक्तों ने पसंद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी गायत्री परिजनों के अलावा नागरिकों ने भी सहयोग किया।

सावनेर बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न

> अँड. शैलेश जैन बने अध्यक्ष, अँड. भोजराज सोनकुसरे उपाध्यक्ष निर्वाचित

सावनेर.

हाल ही में संपन्न हुए सावनेर बार एसोसिएशन के चुनाव में अँड. शैलेश जैन को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसी के साथ अँड. भोजराज सोनकुसरे को उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया। अन्य निर्वाचित पदाधिकारी इस प्रकार हैं: सचिव:

अँड. अरुण निबालकर, संयुक्त सचिव: अँड. प्रवीण मनपे कार्यकारी सदस्य: अँड. ज्ञानेश्वर अंबाड़कर, अँड. मनोज खंगारे, अँड. चंद्रकांत पिसे, अँड. प्रवीण काले, अँड. निखिल बिहुणे,

अँड. माधुरी चौधरी, अँड. पूर्णिमा उरकुडे. चुनाव में विजयी हुए सभी पदाधिकारियों और कार्यकारी सदस्यों को वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने शुभकामनाएँ और बधाई दी।

शिवरात्रि पर सद्भावना ग्रुप ने किया भंडारे का आयोजन

कामठी.

बस स्टैंड के सामने सद्भावना ग्रुप द्वारा महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सद्भावना ग्रुप पदाधिकारियों ने भगवान शिव का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। जहां पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं भी भीड़ उमड़ी। साथ ही नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले ने भी भंडारे के स्थल पर पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर एड. पंकज यादव, नागसेन गजभिए, प्रमोद खोब्रागड़े, सुनील चहांदे, हरीश गुलाने, सुनील बडोले, अविनाश भांगे, प्रमोद रंगारी, अजय करिहार, मुकेश मेश्राम, प्रवेश बागड़े, पवन मेश्राम, विकास मेश्राम, मौलाना ईमान, बिनु भैया, मुकेश कनोजिया, आशाराम हलमारे, शरद खोब्रागड़े, नरेश फुलझले आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित रहे।

रमन इफेक्ट को सेलिब्रेट करने मनाते हैं नेशनल साइंस-डे

नागपुर.

नेशनल साइंस-डे' हर साल 28 फरवरी को मनाया जाता है। यह दिन भारतीय वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन द्वारा की गई खोज "रमन इफेक्ट' की याद में मनाया जाता है। इसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार दिया गया था। विज्ञान के भौतिकी क्षेत्र में यह खोज एक बड़ी खोज थी। इसके अलावा उन्होंने विज्ञान क्षेत्र में कई बड़ी उपलब्धियों को हासिल किया और वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान बनाई। इस महान वैज्ञानिक सीवी रमन के नाम पर शहर में रमन साइंस सेंटर है, जो युवाओं में वैज्ञानिक जागरूकता और जिज्ञासा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक प्रमुख विज्ञान संग्रहालय है। यह सेंटर एक इंटरैक्टिव लर्निंग हब के रूप में कार्य करता है, जिसमें विज्ञान प्रदर्शनियां, तारामंडल

शो, 3डी थिएटर और इनोवेटिव गैलेरी शामिल हैं। यह एस्ट्रोनॉमी, रोबोटिक्स और एन्वॉयरमेंट साइंस जैसे क्षेत्रों में छात्रों को प्रेरित करने के लिए विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रम, कार्यशालाएं और प्रदर्शनियां आयोजित करता है। विज्ञान को आकर्षक और सुलभ बनाकर, रमन साइंस सेंटर यूथ माइंडस को आकार देने और भारत में वैज्ञानिक जांच की संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले सीवी रमन ने फोटान और ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का इस्तेमाल करने से पहले नागपुर के डाक विभाग में वाउचर और पे-ऑर्डर का काम किया था। भले ही राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग और अनुसंधान संस्थान (नीरी) या परमाणु खनिज निदेशालय (एएमडी) जैसे वैज्ञानिक संगठन नेशनल साइंस-डे को सेलिब्रेट करते हैं। रमन डिप्टी अकाउंटेंट जनरल थे। 1976 से पहले इसे डिप्टी अकाउंटेंट जनरल ऑफ पोस्ट एंड टेलीग्राफ (डीएजीपीटी) के कार्यालय के रूप में जाना जाता था। डीएजी के रूप में रमन ने अपने दिनों में कार्यालय का नेतृत्व किया। बाद में 2022 में परिसर में उनके नाम पर एक प्रशिक्षण हॉल बनाया गया, जिसमें उनकी तस्वीर के साथ कुछ और विवरण हैं। अब इसे निदेशक लेखा (डाक) कार्यालय के रूप में जाना जाता है।

अर्जुन मेहता, स्टूडेंट के मुताबिक विज्ञान ने मुझे हर चीज पर सवाल उठाना सिखाया है, चाहे वह कोई साधारण भौतिकी प्रयोग हो या यह समझना कि एआई कैसे काम करता है। जानकारी को आंख मूंदकर स्वीकार करने के बजाय, मैं किसी भी चीज पर विश्वास करने से पहले 'क्यों और कैसे' पूछता हूं। सान्या कपूर, स्टूडेंट के मुताबिक बहुत से लोग सोचते हैं कि विज्ञान केवल सूत्रों और सिद्धांतों के बारे में है, लेकिन मेरे लिए यह रचनात्मकता के बारे में है। रोबोटिक्स और कोडिंग के माध्यम से मैंने महसूस किया है कि विज्ञान हमें वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान करने की अनुमति देता है।

राहुल वर्मा, स्टूडेंट के मुताबिक विज्ञान ने मुझे पर्यावरण के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी के बारे में ज़्यादा जागरूक बनाया है। यह सिर्फ अवधारणाओं का अध्ययन करने के बारे में नहीं है। यह उनका उपयोग करके बदलाव लाने के बारे में है, चाहे वह प्लास्टिक कचरे को कम करना या हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना हो।

व्यसनमुक्ति और अंधश्रद्धा निर्मूलन संगोष्ठी एवं सेवक सम्मान समारोह

वाड़ी.

खडगांव वाड़ी स्थित हनुमान मंदिर में 28 फरवरी (शुक्रवार) को एक विशेष सार्वजनिक हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त नशे की लत और अंधविश्वास जैसी कुरीतियों के खिलाफ जनजागृति लाना था।

सुबह 6 बजे आयोजित सार्वजनिक हवन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तत्पश्चात 9 बजे एक विशाल रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से व्यसनमुक्ति और अंधश्रद्धा निर्मूलन का संदेश समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुँचाया गया। रैली में समाजसेवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। हवन और रैली के पश्चात एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें समाजसेवकों, विद्वानों और विशेषज्ञों ने व्यसनमुक्ति के उपायों और अंधविश्वास के दुष्प्रभावों पर चर्चा की। वक्ताओं ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने तथा शिक्षा और जनजागृति के माध्यम से इन समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान समाज में उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले सेवकों का अभिनंदन एवं सम्मान भी किया गया।

इस भव्य आयोजन में रामटेक विधानसभा क्षेत्र के सांसद श्यामकुमार बर्वे, भंडारा विधानसभा विधायक नरेंद्र भोंड़ेकर, जिला परिषद सदस्य कुंदा राउत, खडगांव सरपंच देवराव कडू, वाड़ी नगर परिषद के पूर्व उपनगराध्यक्ष नरेश चरडे एवं आनंद कदम सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। आयोजक एवं मुख्य मार्गदर्शक गिरिधरजी बर्गे ने बताया कि नशे की लत और अंधविश्वास समाज को भीतर से कमजोर कर रहे हैं, जिससे व्यक्ति और परिवार दोनों प्रभावित हो रहे हैं। संगोष्ठी और सम्मान समारोह के समापन पर भव्य प्रसाद वितरण किया गया, जिससे कार्यक्रम की सफलता का पूरा माहौल प्रतिफलित हुआ। आयोजक टीम में केशव मुले, राव भोंदले, चिंदू खाटीक, शैलेश सेलोकर, दिलीप रेवतकर, धीरज रेवतकर एवं रुद्र अवतार भगवान बाबा हनुमान सेवक बहुदेशीय संस्था वाडी के अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। यह आयोजन समाज में व्यसनमुक्ति और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 25 कर्तव्यनिष्ठ महिलाओं का होगा सम्मान

नागपुर.

मनपा ज्येष्ठ नागरिक कक्ष और सीनियर सिटीजन काउंसिल ऑफ नागपुर डिस्ट्रिक्ट, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025" के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 25 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर के लिए इच्छुक महिलाओं से आवेदन मांगे गए हैं, जिसमें चिकित्सा, शिक्षा, परिवहन, पुलिस, सरकारी एवं अर्ध-सरकारी विभागों में कार्यरत योग्य और कर्तव्यनिष्ठ महिलाएं शामिल हो सकती हैं। आयोजकों ने बताया कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी

गई है, और इच्छुक उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन 25 फरवरी 2025 से पहले डाक के माध्यम से भेजने का अनुरोध किया गया है। इन सभी दस्तावेजों के साथ हस्ताक्षरित आवेदन पत्र निम्नलिखित पते पर भेजना आवश्यक है.

इस सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार, 8 मार्च 2025 को सुबह 11 बजे किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथियों के हाथों से महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी अध्यक्ष मनोहर खर्च, सचिव सुरी रेवतकर, संयोजिका प्रमिलाताई राउत, डॉ. मनोहर तांबुलकर, वसंतराव पाटील, वासुदेव वाकोडीकर, मनोहर तुपकरी, मधुकर पाठक, भगवान टिचकुले, विजय दीक्षित, एडवोकेट प्रदीप येलणे, गीता महाकालकर और माधुरी भुजाडे ने दी।

31 मार्च तक नंबर प्लेट नहीं बदलने पर हो सकती है मुश्किल

नागपुर.

पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बदलने को लेकर अब नया फरमान आया है। 31 मार्च तक यदि किसी वाहन पर यह नंबर प्लेट नहीं मिली, तो उसकी खरीद-बिक्री सहित अन्य व्यवहार ठप हो जाएंगे। वाहन की ट्रांसफर प्रक्रिया, एनओसी और लोन प्रक्रिया बंद हो जाएगी। आरटीओ ने वर्ष 2019 के पहले के वाहनों को हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की अपील की है, लेकिन शहर व ग्रामीण दोनों आरटीओ में वाहन मालिकों की ओर से इस नंबर प्लेट को लेकर उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है।

केंद्र सरकार ने छेड़छाड़ रहित हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट सभी वाहनों में लगाना अनिवार्य किया है। सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश के आधार पर केंद्रीय मोटर वाहन नियमावली 1989 में प्रावधान किया गया है। राज्य परिवहन विभाग से 4 दिसंबर को एचएसआरपी (हाई सिक्योर्ड रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट) को लगाने का आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत 31 मार्च 2025 तक साल 2019 से पहले के पंजीकृत सभी वाहनों

पर लगाना अनिवार्य है। उपराजधानी के 3 परिवहन कार्यालयों में 22 लाख 56 हजार वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके लिए निजी एजेंसी की ओर से जिले में 92 केंद्र बनाए गए हैं। नागरिकों को ऑनलाइन बुकिंग कर अपनी नंबर प्लेट को बदलने में सुविधा होगी।

ऐसे कर सकते हैं आवेदन

अपने वाहन के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। राज्य परिवहन विभाग की वेबसाइट पर वाहन की जानकारी देनी होगी। इसके साथ ही निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। इस जानकारी के आधार पर संबंधित एजेंसी का अपॉइंटमेंट मिलेगा। दो दिनों बाद एजेंसी के माध्यम से संबंधित आरटीओ कार्यालय परिसर से पुरानी नंबर प्लेट जमा कर नई हाई सिक्योरिटी प्लेट को प्राप्त किया जा सकता है। एजेंसी की ओर से वाहनधारक की पूरी जानकारी, यूनिक लेजर कोड, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की फोटो के साथ केंद्रीय डेटाबेस में पूरी जानकारी दर्ज कराई जाएगी। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट में यूनिफार्म फॉन्ट के साथ बाएं हिस्से में अशोक चक्र भी दर्ज होगा।

मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा मिलने पर राष्ट्रीय काव्य स्पर्धा का आयोजन

>शरद क्रीड़ा व सांस्कृतिक प्रतिष्ठान का पहल

वर्धा. महाराष्ट्र सरकार के लंबे प्रयासों के बाद भारत सरकार ने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आभार व्यक्त करने और उत्सव मनाने के लिए शरद क्रीड़ा व सांस्कृतिक प्रतिष्ठान, पुणे द्वारा राष्ट्रीय काव्य स्पर्धा का आयोजन किया गया है। इस बारे में सिने-नाट्य निर्देशक एवं आयोजन समिति के सदस्य हरिष इथापे (वर्धा) ने जानकारी दी।

इस प्रतियोगिता में मराठी भाषा की किसी भी बोली या काव्यशैली में कविता लिखी जा सकती है। स्पर्धा के लिए कोई विशेष नियम व शर्तें नहीं रखी गई हैं, और यह प्रतियोगिता सभी के लिए निःशुल्क है।

इस स्पर्धा की शुरुआत 27 फरवरी 2025 से हुई है। इच्छुक प्रतिभागी 14 अप्रैल 2025 तक अपनी कविताएँ व्हाट्सएप नंबर 8657421421 पर भेज सकते हैं। इस आयोजन के प्रमुख आयोजकों में लक्ष्मीकांत खाबिया, नंदकुमार बंड, हरिष इथापे, अश्विनी पाचारणे, संदीप राक्षे और विवेक थिटे शामिल हैं।

यह प्रतियोगिता मराठी भाषा और साहित्य प्रेमियों के लिए एक अनूठा अवसर है, जिससे वे अपनी काव्य प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

यवतमाल में पहला सौर ऊर्जा संयंत्र शुरू

> किसानों को दिन में सिंचाई के लिए बिजली उपलब्ध

यवतमाल.

किसानों को सिंचाई के लिए दिन में निर्बाध और टिकाऊ बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 के तहत जिले की पहली 3 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना का शुभारंभ किया गया। यह परियोजना शुक्रवार को कलंब तालुका के सावरगांव (पर्सोडी) में शुरू की गई। इससे क्षेत्र के 1,046 किसानों को दिन में सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 के तहत राज्य में 16,000 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। अमरावती मंडल में यह अपनी तरह की पहली सौर परियोजना है। इसे 15 एकड़ सरकारी भूमि पर स्थापित किया गया है, जो महावितरण के उपकेंद्र से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित है।

इस परियोजना को डेवलपर अवाडा एनर्जी ने पूरा किया है और इसे महावितरण के 33 केवी सावरगांव (पर्सोडी) सबस्टेशन से जोड़ा गया है। इससे 33 केवी सावरगांव (पर्सोडी) सबस्टेशन से जुड़ी तीन कृषि विद्युत लाइनों के माध्यम से 25 गांवों के 1,046 किसानों को प्रतिदिन बिजली आपूर्ति होगी।

इस परियोजना का उद्घाटन मुख्य अभियंता ज्ञानेश कुलकर्णी द्वारा किया गया। परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करने में अधीक्षक अभियंता प्रवीण दरोली, कार्यकारी अभियंता पुरुषोत्तम चव्हाण, शशांक पोंक्षे, उप कार्यकारी अभियंता मांगीलाल राठौड़, सागर डेकाटे, सुहास मेश्राम और सावरगांव के सरपंच शशिकांत देशमुख का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जिले में 225 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य

मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 के तहत यवतमाल जिले में कुल 225 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 39 सब-स्टेशनों के लिए 57 स्थानों पर सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। इनमें सावरगांव (पर्सोडी) पहली परियोजना है जो चालू कर दी गई है। इस पहल से किसानों की दिन के समय बिजली आपूर्ति की मांग पूरी होगी, जिससे सिंचाई की सुविधा में सुधार होगा और उनकी उत्पादकता भी बढ़ेगी।

केडीएम पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

वर्धा. दत्तपुर स्थित लक्ष्यादित्य एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित केडीएम पब्लिक स्कूल में विभिन्न विज्ञान प्रदर्शनों के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा. सतीश देवतारे, राम मगर, संस्था के संचालक डॉ. धर्मेन्द्र मुंधड़ा, प्राचार्य मा. वैद्य सर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व के बारे में समझाया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विज्ञान मॉडल तैयार किए और उनके बारे में प्रासंगिक जानकारी अपने प्रदर्शनों के माध्यम से बताई। कंडक्टर और इंसुलेटर, कचरा निपटान उपयोग, फेफड़े का मॉडल, चंद्रयान 3, नमक और पानी, वायुमंडल की परतें, एक्सप्रेस इलेक्ट्रिक हाउस, जल शोधन, पहले के बाद की संख्या, लावा आदि। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अश्विनी इंगोले ने किया तथा आभार शिक्षिका प्रीति ढोणे ने व्यक्त किया। विज्ञान प्रदर्शनी में सभी अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के सहयोग से सफल हुआ।

संतों के विचारों को जीवन में अपनाएं: अग्रवाल

> सावंगी में राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज की पुण्यतिथि संपन्न

वर्धा. हर इंसान की इच्छा होती है कि उसे जीवन में सुख और शांति मिले, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उसे संतोष और समाधान नहीं मिल पाता। आज विज्ञान ने काफी प्रगति कर ली है, पूरा संसार करीब आ गया है, लेकिन मनुष्य का मन एक-दूसरे से दूर होता जा रहा है। वर्तमान की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग तनावग्रस्त हो गए हैं। किसी के पास समय नहीं है। लोग धन-संपत्ति कमाने में अपना पूरा जीवन खपा रहे हैं, लेकिन असली आनंद संपत्ति में नहीं, बल्कि अच्छे संस्कारों में निहित है।

संतों की पुण्यतिथि और उनके स्मरणोत्सव के माध्यम से हमें उनके उत्तम विचारों को सुनने और समझने का अवसर मिलता है। इन्हीं विचारों को अपनाकर मनुष्य अपने जीवन से दुखों को दूर कर सकता है और तनावमुक्त जीवन जी सकता है। इसलिए, हमें संतों के विचारों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। यह विचार वरिष्ठ समाजसेवी मोहनबाबू अग्रवाल ने व्यक्त किए।

वे सावंगी (वर्धा) के महादेव मंदिर में आयोजित राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज की पुण्यतिथि उत्सव के समापन समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर ह.भ.प. प्रभाकर महाराज खडतकर, ह.भ.प. दत्तात्रय झाड़े महाराज, कृष्णगिरी महाराज मंदिर (धोत्रा) के अध्यक्ष महेश गुल्हाने, ह.भ.प. रामदास तपासे गुरुजी आदि मंच पर उपस्थित थे। इस उत्सव के अंतर्गत सामूहिक प्रार्थना, ज्ञानेश्वर माउली का हरिपाठ, तथा ह.भ.प. दत्तात्रय झाड़े महाराज के कीर्तन का आयोजन किया गया। गोपाल काले का कीर्तन प्रभाकरराव खडतकर महाराज द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान तबले पर सोमेश्वर बावणे, हार्मोनियम पर निवृत्ति खाडे, ऑक्टोपैड पर शंकर बावणे ने संगत की। गांव में भजनी मंडली के साथ भव्य दिंडी यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के आयोजक दत्तात्रय झाड़े ने मंच संचालन किया और अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। उत्कृष्ट भजन मंडल को मान्यवरों के हस्ते प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की सफलता में बाबाराव पेटकर, गजानन भोयर, सुरेश झाड़े, गुरुदेव सेवा भजन मंडल, लालसिंह पवार, अमोल दाते, चंद्रशेखर भोगे सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उसेगांव में ग्राम पंचायत उपचुनाव

>विलास तिमांडे दूसरी बार निर्विरोध सरपंच चुने गए

समुद्रपुर. उसेगांव ग्राम पंचायत उपचुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार गुट) के विलास महादेवराव तिमांडे दूसरी बार निर्विरोध सरपंच चुने गए। यह चुनाव कोरा सर्कल के अंतर्गत हुआ, जहां कुल सात सदस्यों में से तीन की अनुपस्थिति के कारण चार सदस्यों की मौजूदगी में उन्हें निर्विरोध सरपंच घोषित किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री अतुल वांदिले के मार्गदर्शन में गुलाल उड़ाकर और माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सदस्य मंगला मोरेश्वर तिमांडे, मेघा दिनेश जांभुले और रवि धनराज वरघने उपस्थित रहे। समारोह में एनसीपी (शरदचंद्र पवार गुट) के जिला महासचिव दशरथ ठाकरे, विधानसभा बूथ अध्यक्ष अमोल बोरकर, मंडल बूथ अध्यक्ष गणेश वैरागड़े, श्रीराम वरघने, परसराम मेश्राम, मोरेश्वर तिमांडे, रविंद्र चंदनखेड़े, विक्रम नौकरकार, सुनंदाबाई तिमांडे और मोतीराम कन्नाके सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और सरपंच को शुभकामनाएं दीं। ग्राम पंचायत चुनाव में मिली इस जीत पर समर्थकों और गांववासियों ने खुशी जाहिर की और सरपंच तिमांडे को बधाइयां दीं।

पंधरवाडी निमित्त महापूजा व महाप्रसाद कार्यक्रम संपन्न

वर्धा.

महाकाली धामतीर्थ में गुरुवार, 27 फरवरी को देवी स्थापना दिवस एवं पंधरवाडी निमित्त महापूजा, होम, हवन तथा महाप्रसाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जय महाकाली सेवा मंडल के अध्यक्ष पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री व सौ. शिवकुमारीजी अग्निहोत्री के शुभ हाथों से देवी की अष्टांग योग पद्धति से विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई। महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री एवं श्री संगम येणोरकर (वर्धा) द्वारा की गई। इस धार्मिक आयोजन में बाबुलालजी दिग्रसे, राघोबाजी कोरडे, बाबाराव महाजन, चंद्रभान आसोले, अनिल बोडखे, गणेश काळे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने हिस्सा लिया और भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। महाकाली धामतीर्थ में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस पावन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण निर्मित होता है।

महाशिवरात्रि के दिन लालपरी की छह लाख रूपये से अधिक की कमाई

>सालबर्डी के लिए 12 हजार शिव भक्तों ने की एसटी से यात्रा

अमरावती. महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की सीमा पर महाशिवरात्रि सालबर्डी यात्रा महोत्सव में लाखों शिवभक्त जाते हैं। महाराष्ट्र में शिव भक्तों के लिए विभिन्न बस स्थानकों से अतिरिक्त बसें रवाना की गईं थीं। बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर दिनभर में 11 हजार 997 श्रद्धालुओं ने सालबर्डी के लिए बस से यात्रा की। एक ही दिन में एसटी कॉर्पोरेशन को 6 लाख 29 हजार 830 रुपए की कमाई हुई है। बुधवार को विभिन्न डिपो से सालबर्डी के लिए 288 फेरियां हुई।

डंकिन घाट से अवैध रेत खनन करने वाले 2 ट्रैक्टर जब्त

> 2.47 लाख का जुर्माना

हिंगनघाट.

राजस्व विभाग की टीम ने पिछले दो दिनों में हिंगनघाट स्थित डंकिन रेत घाट पर कार्रवाई करते हुए अवैध रेत खनन और परिवहन में लिप्त दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है। आगे की दंडात्मक कार्रवाई के लिए दोनों ट्रैक्टरों को तहसील कार्यालय, हिंगनघाट में जमा करा दिया गया है।

तहसीलदार योगेश शिंदे ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों ट्रैक्टरों के मालिकों पर 1,23,500-1,23,500 रुपये यानी कुल 2,47,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही, अवैध रेत खनन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने रेत घाटों तक जाने वाले रास्तों को जेसीबी मशीनों से खोदकर बंद कर दिया है। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर वन्मती सी. और उपविभागीय अधिकारी गणेश खटाले के मार्गदर्शन में तहसीलदार योगेश शिंदे व नायब तहसीलदार सागर कांबले द्वारा की गई। राजस्व विभाग ने अवैध रेत परिवहन पर सख्ती बरतते हुए एक विशेष टीम का गठन किया है, जो नियमित रूप से रेत घाटों का निरीक्षण कर रही है। पिछले एक वर्ष में हिंगणघाट तालुका में अवैध रेत खनन और परिवहन में शामिल 87 वाहनों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गई है और अब तक 25 लाख रुपये का जुर्माना वसूला जा चुका है।

पुलिस हिरासत में ले जाए गए युवक की रास्ते में मौत

यवतमाल.

पुलिस अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आर्णी तहसील के एक शहर में गई थी. कुछ पता नहीं चलने पर पुलिस एक 35 वर्षीय व्यक्ति को पूछताछ के लिए थाने ले जा रही थी. व्यक्ति के सीने में दर्द होने के चलते पुलिस ने उसे रास्ते में छोड़ दिया, जिसके बाद व्यक्ति की मृत्यु हो गई.

पुलिस जब व्यक्ति को ले रही थी. तभी व्यक्ति के सीने में दर्द होने लगा. इस दौरान पुलिस ने उसे रास्ते में ही छोड़ दिया और वहां से चली गई. इसी बीच व्यक्ति अपने दोस्त की मदद से अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टर ने उसे यवतमाल सरकारी अस्पताल पहुंचने की सलाह दी. लेकिन रास्ते में ही युवक की मौत हो गई.

मृतक का नाम अंतरगाव आर्मी निवासी मांगीलाल रतन जाधव है. इस घटना के बाद आर्मी सिटी में तनाव फैल गया. वहीं ग्रामीण संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग कर रहे हैं.

पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस से 8 किलो गांजा जब्त

अकोला. रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के अभियान के तहत अकोला से गुजरने वाली ट्रेनों में डॉग यूनिट की गश्त बढ़ा दी गई है। इसी अभियान के तहत बुधवार को पुरी से अहमदाबाद जा रही पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस (12843) के स्लीपर कोच से 8 किलो 25 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जब्त किए गए गांजे की कुल कीमत 1,23,750 रुपये आंकी गई है।

आरपीएफ सूत्रों के अनुसार, मध्य रेलवे के भुसावल डॉग यूनिट के जवान जीतेन्द्र इंगले और दीपक पाटिल ट्रेन में गश्त कर रहे थे। इस दौरान एस-4 कोच की 33 नंबर बर्थ पर एक लावारिस बैग नजर आया। शक होने पर डॉग यूनिट के प्रशिक्षित श्वान 'वीरू' से बैग की जांच करवाई गई। वीरू के भौंकने पर आरपीएफ ने बैग को अपने कब्जे में ले लिया। जब ट्रेन अकोला स्टेशन पहुंची तो अकोला आरपीएफ के पुलिस निरीक्षक मोहम्मद यूनूस खान, एएसआई जगताप और कांस्टेबल विजय भालकर ने बैग को अपने कब्जे में लिया। सरकारी गवाहों की मौजूदगी में बैग खोला गया, जिसमें खाकी रंग के चार पैकेट बरामद हुए।

हनुमान टेकड़ी परिसर में लगी आग

>हिंदी विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मियों ने पाया काबू

वर्धा. महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के पास स्थित हनुमान टेकड़ी परिसर में गुरुवार दोपहर भीषण आग लग गई। यह आग ऑक्सीजन पार्क और कबीर हिल क्षेत्र में फैलने लगी, जिससे बड़ा नुकसान होने की आशंका थी। लेकिन विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को संभाल लिया और आग पर काबू पा लिया।

दोपहर करीब 1:30 बजे आग भड़क उठी, और गर्मी के कारण तेज़ी से फैलने लगी। आग की भयावहता को देखते हुए विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी सुधीर खरकाटे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बाकी सुरक्षाकर्मियों को आग बुझाने के कार्य में लगाया। विश्वविद्यालय के अग्निशमन उपकरणों का उपयोग करते हुए, सुरक्षाकर्मियों ने इस कठिन कार्य को अंजाम दिया और आग को फैलने से रोका। आग बुझाने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले सुरक्षा कर्मियों में राजू गुरूनुले, निलेश श्रीवास, रवींद्र पंचभाई, शुभम कळमकर, संजय आत्राम, निकेश पोटे, अभिनव वाळूकर, प्रफुल्ल मुंगले, आशीष कुमरे, मनोज शिरनाथे, दिनेश लोणारे, रवींद्र वानखेडे, अमित भुरे, नितीन शेंडे और राहुल पाटनकर शामिल थे। आग के कारण कई पेड़, इलेक्ट्रिक केबल और प्लास्टिक पाइप जलकर राख हो गए। जैसे ही आग की खबर मिली, विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे ने नगर पालिका के अग्निशमन विभाग को सूचित किया। साथ ही, उन्होंने वैद्यकीय जनजागृति मंच के अध्यक्ष डॉ. सचिन पावड़े को भी इस घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह और कुलसचिव प्रो. आनंद पाटील मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने आग बुझाने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सभी सुरक्षा कर्मियों की सराहना की।

अंतरधार्मिक विवाह से भंडारा में तनाव

> हिंदूवादी संगठनों ने किया विरोध

भंडारा.

शहर में एक हिंदू लड़की और मुस्लिम लड़के के विवाह के बाद सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। दो दिन पहले शहर की एक मस्जिद में दोनों का निकाह हुआ, जिसके बाद वे गोंदिया चले गए। लेकिन जब इस विवाह की जानकारी सार्वजनिक हुई, तो नागपुर और भंडारा में कुछ हिंदूवादी संगठनों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया।

इस विरोध के चलते भंडारा पुलिस स्टेशन में कल रात 2 बजे से माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लड़की का अपहरण कर जबरन शादी कराई गई है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने नवविवाहित जोड़े को थाने बुलाया और लड़के का बंद कमरे में बयान दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को शांत कराते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए। भंडारा की 22 वर्षीय हिंदू युवती और 24 वर्षीय मुस्लिम युवक के बीच सात साल से प्रेम संबंध था। युवती ग्रेजुएट और एक ट्यूशन क्लास में कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत है, जबकि युवक प्याज और आलू का व्यवसाय करता है। दो साल पहले लड़की के परिवार को उनके रिश्ते के बारे में जानकारी मिल गई थी, लेकिन उन्हें उम्मीद नहीं थी कि यह रिश्ता शादी तक पहुंचेगा। लेकिन जब लड़की के परिजन उसकी शादी किसी अन्य व्यक्ति से कराने की तैयारी करने लगे, तो इस प्रेमी जोड़े ने विवाह करने का फैसला किया।

25 फरवरी को दोनों अपने कुछ दोस्तों के साथ सौदागर मोहल्ले की एक मस्जिद पहुंचे, जहां मस्जिद के इमाम ने उनका निकाह कराया और निकाह प्रमाणपत्र जारी किया। दिलचस्प बात यह रही कि विवाह प्रमाणपत्र में लड़की के परिजनों की बजाय लड़के के तीन दोस्तों ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए। इसके अलावा, निकाह के दौरान लड़की ने अपना हिंदू नाम बदलकर मुस्लिम नाम रख लिया।

शादी के तुरंत बाद दोनों भंडारा पुलिस स्टेशन पहुंचे और कबूल किया कि उन्होंने अपनी मर्जी से मस्जिद में विवाह किया है। इसके बाद वे गोंदिया चले गए।

हिंदूवादी संगठनों का विरोध, मामला दर्ज

जब लड़की के परिवार को इस विवाह की जानकारी मिली, तो उन्होंने अपने कुछ रिश्तेदारों को इसकी सूचना दी। मामला अंतरधार्मिक होने के कारण हिंदूवादी संगठनों ने इसे "लव जिहाद" का मामला बताते हुए कड़ा विरोध किया। हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भंडारा पुलिस स्टेशन पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लड़की का जबरन धर्म परिवर्तन कर निकाह कराया गया है और आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने युवक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 366 (अपहरण) के तहत मामला दर्ज किया और नवविवाहित जोड़े को थाने बुलाया। हालांकि, पुलिस ने मामले को गंभीरता से संभालते हुए स्थिति को शांत करने की कोशिश की। फिलहाल, शहर में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

बाघ ने किया भैंस के बछड़े का शिकार

भंडारा. तुमसर तहसील के टेमनी गांव के बहरी इलाके में एक बाघ ने एक भैंस के बछड़े का शिकार किया. इस घटना गांव के नागरिकों में भय का माहौल है. क्षेत्र के निवासी वन विभाग से बाघ को पकड़ने की मांग कर रहे हैं. टेमनी गांव के किसान अपने जानवरों को चराने के लिए गांव के बाहरी इलाके में गए थे. वापिस घर लौटने के दौरान उन्हें एक भैंस का बछड़ा गायब है. उन्होंने जब बछड़े की खोज की, तो किसान को बछड़े का आधा खाया हुआ शरीर दिखा. बाघ बछड़े को आधा खाकर वहां से चल गया था. इस बात की सूचना वन विभाग को दी गई. वन विभाग के अमले ने तत्काल मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया और ग्रामीणों को सतर्क रहने का आह्वान किया। इस घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है.

विदर्भ ने केरल पर 37 रनों की बढ़त बनाई

नागपुर.

विदर्भ क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन के खेल के बाद पहली पारी में 37 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। नागपुर के वीसीए जामठा स्टेडियम में खेले जा रहे इस पांच दिवसीय मुकाबले में विदर्भ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केरल को 342 रनों पर ऑलआउट कर दिया। विदर्भ ने पहली पारी में 379 रन बनाए थे, जिसके जवाब में केरल की टीम 342 रन ही बना सकी। इस तरह विदर्भ को पहली पारी के आधार पर 37 रनों की बढ़त मिली।

विदर्भ के गेंदबाजों ने खासकर स्पिनरों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और केरल के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। तीसरे दिन का खेल केरल ने तीन विकेट पर 131 रनों से आगे बढ़ाया। केरल के कप्तान सचिन बेबी ने अपने ओवरनाइट पार्टनर आदित्य सरवटे के साथ मिलकर पारी को संभालने की कोशिश की और स्कोर 170 तक पहुंचाया। लेकिन आदित्य 79 रन बनाकर हर्ष दुबे की गेंद पर आउट हो गए। सलमान निज़ार (21) और मोहम्मद अज़हरुद्दीन (34) ने कुछ देर तक विकेट बचाए रखा, लेकिन वे भी ज्यादा देर तक क्रीज पर टिक नहीं पाए।

निज़ार को हर्ष दुबे ने एलबीडब्ल्यू आउट किया, जबकि अज़हरुद्दीन दर्शन नालकंडे की गेंद पर पवेलियन लौटे। इन विकेटों के गिरने के बावजूद सचिन बेबी का प्रदर्शन सराहनीय रहा। उन्होंने जलज सक्सेना के साथ सातवें विकेट के लिए 46 रन जोड़े और टीम का स्कोर 324 तक पहुंचाया। हालांकि, जब वे अपने शतक से मात्र दो रन दूर थे, तब उन्होंने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की और पार्थ रेखाड़े की गेंद पर करुण नायर के हाथों कैच आउट हो गए। सचिन बेबी ने 235 गेंदों में 98 रनों की जुझारू पारी खेली। उनके आउट होने के बाद केरल की टीम विदर्भ के स्पिन गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाई और निचले क्रम के बल्लेबाज जल्दी-जल्दी पवेलियन लौट गए।

विदर्भ के हर्ष दुबे और पार्थ रेखाड़े ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट लिए। हर्ष दुबे इस सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं, उनके नाम अब 69 विकेट दर्ज हैं।

□ संक्षिप्त स्कोर: वीसीए जामठा स्टेडियम, नागपुर. टॉस: केरल ने जीता, विदर्भ की पहली पारी: 379 रन, (डेनिश मालेवार 153, करुण नायर 86, यश ठाकुर 25, अक्षय वाडकर 23, नचिकेत भुटे 32; निधीश 3/61, एडेन एप्पल टॉम 3/102, बेसिल एनपी 2/60), केरल की पहली पारी: 342 रन, (आदित्य सरवटे 79, अहमद इमरान 37, सचिन बेबी 98, सलमान निज़ार 21, मोहम्मद अज़हरुद्दीन 34, जलज सक्सेना 28; दर्शन नालकंडे 3/52, पार्थ रेखाड़े 3/65, हर्ष दुबे 3/88), विदर्भ को पहली पारी में 37 रनों की बढ़त मिली। अब मुकाबले के अगले दो दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि विदर्भ अपनी बढ़त को और मजबूत कर पाता है या केरल की टीम वापसी करती है।

पूर्व नगरसेविका प्रज्ञा वासनिक सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस में शामिल

वाडी.

बसपा की पूर्व नगरसेविका प्रज्ञा वासनिक ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) में प्रवेश किया। इस अवसर पर भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सामाजिक न्याय विभाग के जिला अध्यक्ष संतोष नरवाडे, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र मोरे, वाडी शहराध्यक्ष अमित तायड़े, वाडी कार्याध्यक्ष अमित हुसनापुरे, रविंद्र सुरजुसे, राजेंद्र पवार, आशीष गौरखेडे, कमलेश विजयकर, प्रदीप नाईक, स्वप्निल हेंडवे, साजन पाटिल, प्रतीक शेंडे सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

पार्टी में शामिल होने वालों में सचिन मोटघरे, हर्षा मोटघरे, सोनाली आडे, शिल्पा आडे, रोहित आडे, कमला वासनिक, करुणा वासनिक, अश्विनी वासनिक, राज वासनिक, संगीता वासनिक, अविनाश वासनिक, रेशमा कुर्वे, महेश कुर्वे, सिद्धार्थ शेंडे, दामिनी कडवे, संदेश मोटघरे, आशा रंगारी, नलिनी गजभिये, सुरेखा राऊत, सुधा नितनवरे, कविता कडबे, प्रणिता वासनिक, निशा बोरकर, आरती मेंढे सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

इस अवसर पर नेताओं ने पार्टी की विचारधारा और अजित पवार के नेतृत्व को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। प्रज्ञा वासनिक ने अपने संबोधन में कहा कि वे जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को आगे ले जाने के लिए समर्पित रहेंगी।

पांढुरना में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन, कमलनाथ ने भरी हुंकार

पांढुरना. प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय श्री नकुल नाथ के साथ जिला कांग्रेस कमेटी पांढुरना द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर कमलनाथ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आगे की लड़ाई मजबूती से लड़नी होगी और सरकार की नीतियों की खामियों को उजागर करते हुए जनता की आवाज को बुलंद करना होगा। कमलनाथ ने लाडली बहना योजना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने योजना की राशि बढ़ाने का वादा किया था, लेकिन अब तक उसे पूरा नहीं किया गया। उन्होंने जिले में बढ़ती बेरोजगारी और रोजगार के अवसरों की कमी पर भी चिंता व्यक्त की और युवाओं के भविष्य को लेकर सरकार से जवाब मांगा। इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कमलनाथ का गर्मजोशी से स्वागत किया। सम्मेलन में छिंदवाड़ा जिले के विधायक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जिला एवं क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यह सम्मेलन कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरने और आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

रणाला मोक्षधाम में भगवान शिव की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

सरपंच पंकज साबरे ने मोक्षधाम को किया सुविधायुक्त व सौंदर्यीकरण

नागपुर.

रणाला के मोक्षधाम में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व पर करीब 6 फीट ऊंचाई और 3 फीट चौड़ी भगवान शिव की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई। सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे ने बताया कि मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सुबह शुभ मुहूर्त पर पंडित द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर करवाई गई। मोक्षधाम में बिजली, पानी, लकड़ियां व बैठने की व्यवस्था, ट्यूब वेल, बाउंड्री वॉल, रंग रोगन समेत विभिन्न विकास कार्य करवाए गए हैं। जिससे हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध है।

ज्ञात हो कि रनाला ग्राम पंचायत अंतर्गत मोक्षधाम में अधिक विकास के कार्यों की जरूरत थी.

जिसके बाद रनाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे ने वर्तमान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, राजस्व मंत्री व पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले एवं पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर के प्रयासों से आगे आकर शासन निधि से मोक्षधाम का नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य शुरू किया गया। वहीं सरपंच पंकज साबरे ने कहा कि ग्राम पंचायत सभी सदस्य, कर्मचारी व गांव के नागरिकों ने जुड़कर मोक्षधाम निर्माण व सौंदर्यीकरण के लिए सहयोग किया, इसके लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी अन्य विकास कार्यों में भी सहयोग की अपेक्षा की है।

कार्यक्रम दौरान पंचायत समिति पूर्व उपसभापति विमल नागोराव साबरे, पूर्व सरपंच स्वर्णा प्रशांत साबरे, वात्सल्य प्री स्कूल डायरेक्टर स्वाती पंकज साबरे, उपसरपंच अंकिता कोविद तलेकर, सचिव अशोक वाघ, सदस्य व पूर्व सरपंच अरविंद डोंगरे, सदस्य प्रदीप उर्फ बाल्या सपाटे, सदस्य स्वप्नील फुकटे, सदस्य आमिर ख़ान, सदस्य सुनील चलपे, सदस्य मयूर गणेर, सदस्य मंगला अशोक ठाकरे, सदस्य सुनीता चंद्रशेखर नंदेश्वर, सदस्य स्मिता महेंद्र भोयर, सदस्य अर्चना लोढ़बा ठाकरे, सदस्य इंदु पाटील, सदस्य रश्मि चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ताओं में देवा मोहोड़, प्रकाश ठाकरे, कोविद तलेकर, सुनील मोहोड़, लोढ़बा ठाकरे, विश्वनाथ वंजारी, दहरथ देशमुख, बॉबी महेंद्र, पराग सपाटे, विजय टाकभवरे, बन्सी मेहरोलिया, गणेश सपाटे, तुकाराम ठवकर एवं ग्रामपंचायत पंचायत सभी कर्मचारी कर्मचारीगण आदि गणमान्य प्रमुखता से उपस्थित रहे।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग के वरिष्ठ कर्मचारी शेषराव गावड़े सेवानिवृत्त

सौंसर. लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग, सौसर में पदस्थ शेषराव गावड़े 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरांत सेवा निवृत्त हो गए। इस अवसर पर उनके सम्मान में एक विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया। गावड़े ने एक सरकारी कर्मचारी के रूप में अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने के साथ-साथ समाज सेवा एवं कर्मचारी संगठन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के विभिन्न पदों पर कार्यरत रहकर कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव सक्रिय रहे। सत्कार समारोह के दौरान शासकीय मध्य प्रदेश लघु वेतन संघ, जिला शाखा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र वाघमारे एवं वरिष्ठ कर्मचारी नेता राजू खडाईक की उपस्थिति में उन्हें सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में संजय कटू, रामचंद्र कोठे, अमिघ भारती, अजय गजगिये सहित कई कर्मचारी एवं संगठन के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने गावड़े के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

महाराष्ट्र में नदियों के पुनरुद्धार के लिए महाकुंभ से सीखने योग्य सबक

नागपुर.

प्रयागराज में महाकुंभ के लिए गंगा नदी की सफल सफाई यह दर्शाती है कि सही इंजीनियरिंग और उचित योजना के माध्यम से महाराष्ट्र की शहरी नदियों और जल निकायों को पुनर्जीवित किया जा सकता है। महाकुंभ के दौरान, गंगा को स्वच्छ बनाए रखने के लिए ट्रैश स्किमर तकनीक का इस्तेमाल किया गया। ये स्किमर प्रतिदिन 10-15 टन तैरता हुआ कचरा हटाने में सक्षम थे। इस प्रक्रिया में नदी की सतह पर गश्त, पुष्प अर्पण से निकले फूलों, प्लास्टिक कचरे और अन्य तैरते हुए मलबे की पहचान कर त्वरित सफाई की गई। उत्तर प्रदेश सरकार के शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि महाकुंभ के दौरान गंगा की सफाई सुव्यवस्थित इंजीनियरिंग और सतत निगरानी का परिणाम थी। ड्रेजर और ट्रैश स्किमर के प्रभावी उपयोग से न केवल नदी के प्रवाह को बहाल किया गया बल्कि कचरे को जमा होने से पहले ही हटा दिया गया। उन्होंने कहा, "यह मॉडल दिखाता है कि तकनीक और सुशासन के समन्वय से शहरी नदियों की रक्षा संभव है। महाकुंभ सफाई परियोजना के लिए जिम्मेदार कंपनी क्लीनटेक इंफ्रा के प्रबंध निदेशक गौरव चोपड़ा ने बताया कि किसी भी बड़े पैमाने की नदी पुनर्जीवन परियोजना के लिए सही उपकरण और समर्पित प्रयास जरूरी होते हैं। उन्होंने कहा, "उच्च क्षमता वाले ट्रैश स्किमर और लगातार सफाई प्रयासों के माध्यम से हमने निर्धारित समयसीमा में प्रभावी परिणाम हासिल किए। यह दृष्टिकोण अन्य शहरी नदियों के प्रदूषण से निपटने में भी मदद कर सकता है। महाराष्ट्र में नदियों और जल निकायों को पुनर्जीवित करने के लिए सरकारी एजेंसियों, निजी भागीदारों और स्थानीय समुदायों के समन्वित प्रयास की जरूरत होगी। महाकुंभ के दौरान किए गए नदी सफाई अभियान की सफलता यह साबित करती है कि यदि सही रणनीति अपनाई जाए, तो अत्यधिक प्रदूषित नदियों को भी पुनर्जीवित किया जा सकता है। सरकार और संबंधित विभाग यदि प्रयागराज की सफाई मॉडल को अपनाएं, तो महाराष्ट्र की नदियों को भी स्वच्छ और जीवंत बनाया जा सकता है।

सुपरवाइजर सुरेश गाडगे को दी गई सेवानिवृत्ति

सौंसर. जल संसाधन विभाग सौसर में पदस्थ सुपरवाइजर सुरेश गाडगे को सेवानिवृत्ति दी गई। इस अवसर पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें सम्मानित किया। समारोह में एसडीओ संजना चौधरी ने गाडगे का शाल और श्रीफल देकर सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारी के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उपयंत्री फैय्याज, उपयंत्री सुनील जैन, उपयंत्री अनिकेत विश्वकर्मा, स्थल सहायक श्रीराम फरकाड़े सहित अन्य स्टाफ सदस्य हैदर खान, खलील अंसारी और मनोहर कुकड़े उपस्थित रहे। सभी ने गाडगे के अनुभवों को साझा करते हुए उनके योगदान की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

सौंसर सेंटर में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन

सौंसर. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, गजानन कॉलोनी, वार्ड 15, सौंसर सेंटर में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह आयोजन परमात्मा शिव के अवतरण की याद में आयोजित किया गया, जिसमें उनके अवतरण के 89 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शिव परमात्मा का ध्वजारोहण कर अवतरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अनुराधा दीदी, प्रतिभा चौरे, ऊषा भमोरे, गोपाल कोठे और श्याम भाई द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी अनुराधा दीदी ने सभी भाई-बहनों को ईश्वरीय प्रतिज्ञा दिलवाई कि वे सभी के प्रति शुभ भावनाएँ रखेंगे, ईश्वरीय मत पर चलेंगे, सबका सहयोग करेंगे और दैवीय गुणों को धारण करेंगे। दीदी ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर भी प्रकाश डाला और बताया कि यह पर्व आत्मा के परमात्मा से मिलन का प्रतीक है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने आध्यात्मिक ज्ञान एवं शांति का अनुभव किया।

जिला परिषद प्राथमिक स्कूल मंगरुल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया

हिंगना. जिला परिषद प्राथमिक स्कूल मंगरूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम पंचायत मंगरूल के सरपंच ज्ञानेश्वर पवार, ग्राम पंचायत सदस्य प्रमोदजी थोटे, नमिता ठाकरे और ग्राम पंचायत सदस्य अ. ढाले के हाथों किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शिक्षिका रंजना चौधरी, शालेय व्यवस्थापन समिति की उपाध्यक्ष भारती खूरसंगे, कविता ठाकरे, रूपाली सोनूले, स्वाती थोटे, भावना थोटे, सोनाली थोटे, पूजा मलघडे, एकता नलगे, रुषाली चौधरी और सोनू ठाकरे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया, जिससे सभी अतिथिगण प्रभावित हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की गई।

घातक शस्त्र के साथ युवक गिरफ्तार

नागपुर.

पाचपावली पुलिस ने एक युवक को घातक शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुंभारपुरा, पहले रेल्वे फाटक के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदेहास्पद युवक को रोका और पूछताछ की।

उसने अपना नाम श्याम किशोर यादव (33) जनार्दन पेठ, अमरावती निवासी बताया। तलाशी लेने पर उसकी जींस की कमर में लोहे का भालेनुमा चाकू बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 4, 25 तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने चाकू जब्त कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

शुभांक		
श्रीदेवी	147-2	146-1
श्रीदेवी नाईट	450-9	247-3
प्रभात	570-2	588-1
प्रभात नाईट	136-0	-
डायमंड	700-7	488-0
मेन बाजार	367-6	-
मिलन डे	569-0	359-7
मेन रतन	158-4	267-5
कल्याण	270-9	337-3
राजधानी डे	269-7	258-5
राजधानी नाईट	379-9	-
कुबेर डे	-	-
डायमंड नाईट	355-3	588-1

कमिन्स कॉलेज में 'अविष्कार 3.0' हैकाथॉन का सफल आयोजन

नागपुर.

कमिन्स कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वुमन, नागपुर में 21 और 22 फरवरी 2025 को वार्षिक अंतरमहाविद्यालयीन हैकाथॉन "अविष्कार 3.0" का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में कुल 52 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से 11 टीमें विभिन्न महाविद्यालयों से थीं। हैकाथॉन में ऑटोमेशन, सिस्टम सिक्योरिटी, स्मार्ट सिटी, इंडस्ट्री 4.0, सस्टेनेबल डेवलपमेंट और एनर्जी कंजर्वेशन जैसे छह प्रमुख विषयों पर समस्याएँ दी गई थीं।

प्रतिभागियों ने अपनी तकनीकी क्षमताओं का उपयोग करके इन चुनौतियों के समाधान खोजने का प्रयास किया। इस हैकाथॉन में अभिजीतसिंह चंदेल (अमिगोजटेक प्रा. लि.), अभय देशपांडे एसएसजी एम्बेडेड सॉल्यूशंस), और डॉ. शरद चौधरी (यशवंतराव चव्हाण कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, नागपुर) ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापूरकर ने कहा कि "अविष्कार 3.0 जैसे कार्यक्रम नवाचार को बढ़ावा देने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

इस कार्यक्रम का संयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की प्रमुख डॉ. जया राउत और कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की प्रमुख शरयू देवते ने किया। इसके अलावा, आयोजन को सफल बनाने में प्रो. राहुल लेकुरवाले (मैकेनिकल इंजीनियरिंग), प्रो. अमित ठाकरे (कंप्यूटर इंजीनियरिंग), और प्रो. अनिल बावसकर (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) का भी विशेष योगदान रहा। "अविष्कार 3.0" ने एक बार फिर छात्रों को नवाचार, टीमवर्क और समस्या समाधान कौशल को निखारने का मंच प्रदान किया। कॉलेज अगले साल इस हैकाथॉन को और अधिक जोश और नई अवधारणाओं के साथ आयोजित करने की योजना बना रहा है।

विजेताओं की सूची: प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया: प्रथम पुरस्कार (5000) – टीम आरकॉम, द्वितीय पुरस्कार (3000) – टीम सैंथरा, तृतीय पुरस्कार(2000) – टीम स्वराज्य टेक, उत्तेजनार्थ पुरस्कार (1000 और एसएसजी एम्बेडेड सॉल्यूशंस में इंटर्नशिप) – टीम टेक क्वार्टर.

शिवमंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव संपन्न

खापरखेड़ा. कोराडी देवी मंदिर रोड, वार्ड नंबर 4, खापरखेड़ा क्षेत्र में हर साल की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। आयोजन की शुरुआत सुबह 10 बजे हुई, जिसमें आयोजक विलास महल्ले और किरण महल्ले की उपस्थिति में मुन्नूजी पांडे द्वारा महादेव पिंड का रुद्राभिषेक, हवन, पूर्ण आहुति, महापूजा और आरती संपन्न की गई। दोपहर 1 से 2 बजे तक हरिओम भजन मंडल, चनकापुर द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की गई। शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक शाहिर यादवराव कान्होलकर ने संगीतमय ढहाका कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान भजन और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। कार्यक्रम में शिवमंदिर देवस्थान के संस्थापक भाऊराव महल्ले की उपस्थिति विशेष रूप से रही। शुक्रवार, 28 फरवरी को कढ़ाई एवं महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में महेश भक्ते, अनिल काळे, सौरभ दाढे, मयूर दाढे, कार्तिक कडू, मनांशु काळे, विकास शिंदे, नितिन बांगरे, घनश्याम महल्ले, आकाश पांडेकर, निर्मला काले, वंदना भक्ते, सोनी, डॉ. विश्वकर्मा, प्रिया वस्त्राने, चंदनखेड़े आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।